# *अभिरुचि  की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण (ईओआई)*

स्पाइसेस बोर्ड, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, कोच्ची, केरल एवं मेसर्स एस टी सी एल, मेसर्स एस टी सी, भारत सरकार की एक सहायक कंपनी, बंगलौर ने मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में, मसालों और सब्जियों के प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन के लिए सभी आधारभूत संरचनाओं और उच्च कोटि की सुविधाओं के साथ एक स्पाइसेस पार्क की स्थापना की थी । स्पाइसेस पार्क में उपलब्ध प्रसंस्करण सुविधाओं का ब्यौरा अनुलग्नक -1 में दिया गया है। अब बोर्ड स्पाइसेस पार्क में स्थापित सुविधाओं के वाणिज्यिक संचालन के लिए मसालों/कृषि उत्पादों/खाद्य व खाद्य सामग्रियों आदि के निर्यात व घरेलू व्यापार से जुड़े इच्छुक तथा तकनीकी रूप से सक्षम व आर्थिक रूप से मजबूत पार्टियों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है । सभी सुविधाओं को एक पूर्ण इकाई के रूप में या सुविधा-वार अलग-अलग रूप में संशोधन, संचालन और रखरखाव के आधार पर  पट्टे पर दिया जाएगा।

सफल बोली लगानेवाले का चयन प्रस्तुत ईओआई के आधार पर और बाद के चरणों में होने वाली तकनीकी और वित्तीय बोली के आधार पर किया जाएगा। निविदाएं प्रस्तुत करने के लिए निबंधन और शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए ईओआई प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों के साथ एक पूर्व बोली चर्चा का समय तय किया जाएगा।

रुचि रखने वाले ईओआई प्रस्तुत करने / बोली लगाने की प्रक्रिया में भाग लेने के पहले उपलब्ध सुविधाओं की जांच के लिए अपने स्वयं के खर्च पर छिंदवाड़ा के स्पाइसेस पार्क का दौरा कर सकते हैं। छिंदवाड़ा के स्पाइसेस पार्क का संपर्क पता नीचे दिया गया है:

श्री ई. मोहन राव<br>
उप निदेशक(विपणन)<br>
स्पाइसेस पार्क, काब्रा कॉलोनी<br>
नागपुर रोड, शांतिनाथ स्कूल के पीछे<br>
उमरनाला पी .ओ., छिंदवाड़ा<br>
मध्य प्रदेश - 480001<br>
दूरभाष: 07162- 295070,<br>
मोब.: 9440538326

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) अनुलग्नक - *2* में निर्धारित फार्मेट में 10 मार्च 2017 को या उससे पहले निदेशक (विपणन), स्पाइसेस बोर्ड, सुगंध भवन, एनएच-बाईपास, पालारिवट्टम पी.ओ., कोचीन 682025- को प्रस्तुत की जानी चाहिए।**

<u>**अनुलग्नक -I**</u>

# स्पाइसेस पार्क में उपलब्ध सुविधाओं का विवरण

## *I. निर्जलीकरण संयंत्र में सुविधाएं*

**1. डिकोटिकेटरः** सामग्री को एलिवेटर (लिफ्ट) में डाला जाता है जो इस सामग्री को हॉपर तक ले जाता है। लहसुन के प्रकन्दों को मशीन द्वारा लहसुन फाँकों में तोड़ा जाता है और एक ब्लोअर इसके छिलके को हटाता है। इसमें 10 एच.पी. मोटर है और इसकी क्षमता 24000 किग्रा/प्रतिदिन की है।

**2. ग्रेडिंग मशीन:** इसमें एमएस प्लेट से बना एक गोल क्रॉस-सेक्शन शामिल है, जो फांक को विभिन्न आकारों में अलग करने के लिए घूमता है। इसमें 5 एच.पी. मोटर है और इसकी क्षमता 24000 किग्रा/प्रति दिन है।

**3. फ्लेकिंग मशीन:** यह एक एस.एस, रोल मशीन है जो 2 रोल से मिलकर बनी है, जो लहसुन की फाँकों को आवश्यक मोटाई देने के लिए विपरीत दिशा में घूमते हैं। इसमें 3 एच.पी. मोटर है और इसकी क्षमता 15000 किग्रा/प्रति दिन है।

**4. निरन्तर बेल्ट ड्रायर:** इसमें 40-60 डिग्री सेंटीग्रेड के अलग-अलग तापमान क्षेत्रों वाले 5 लगातार चलने वाले बेल्ट ड्रायर है, जहाँ गर्म हवा की विधि से सामग्री को निर्जलित किया जाता है और इसकी क्षमता 3 मीटरी टन / प्रतिदिन तैयार उत्पाद है।

**5. छिलका हटाने की मशीन:** इसमें ब्रश हैं और सामग्री को हॉपर और ब्रश में डाला जाता है और ब्रश घूमते हैं। लहसुन का छिलका निकाल दिया जाता है और ब्लोअर की मदद से इसे उड़ा दिया जाता है।

**6 ग्रैविटी विभाजक:** यह मशीन निर्जलित लहसुन के छोटे और टूटे टुकड़ों को अलग कर देगी और अवांछित कणों को हटा दिया जाता है।

**7 बिन ड्रायर:** नमी को समान करने और उत्पाद में एक जैसी नमी बनाए रखने में मदद करने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। इसमें 2 एच.पी. मोटर है और इसकी क्षमता 800 किग्रा/प्रतिदिन है।

**8. बेल्ट ड्रायर:** इसमें 40-60 डिग्री सेंटीग्रेड के अलग-अलग तापमान क्षेत्रोंवाले 5 बेल्ट बेल्ट ड्रायर है, जहाँ गर्म हवा की विधि से सामग्री को निर्जलित किया जाता है।

9. **छँटाई:** अशुद्धियों को दूर करने के लिए हाथ से छंटाई की जाती है।

10 **चुंबकीय विभाजक:** किसी लोहे के टुकड़े आदि को हटाने के लिए सामग्री को चुंबकीय विभाजक से होकर गुज़रता है।

**11. पैकिंग:** थोक पैकिंग के लिए: निर्यात योग्य नालीदार गत्ते के डिब्बे में दोहरे पॉली बैग में पैक करने की सुविधा

***II. प्रति दिन 3 टन कच्ची सामग्री की निष्कर्षण क्षमतावाले निष्कर्षण संयंत्र की सुविधाएं***

| **सं.** | **विवरण** |
|---|---|
| **क.** | निष्कर्षण केतली |
| **ख.** | एसएस फिल्टर |
| **ग.** | कंडेंसर (संघनित्र ) प्रणाली |
| **घ.** | भंडारण टंकी |
| **ङ** | डिजाल्वेंटाइजर |
| **च** | इवेपोरेडर (उद्वाष्पक) |
| **छ** | एसएस पाइप लाइन, एसएस बॉल वालवस , एसएस स्टुबेंड्स , एमएस लूज फ्लेंज,एमएस एवं एसएस नट ओर बोल्ट, फलो ग्लॉस, कठोर बनाया गया (टफेन्ड ) ग्लॉस और अन्य फिटिंग्स |
| **ज** | लिक्विड एक्स्ट्रैक्टर |
| **झ** | सॉल्वेंट सेपरेटर |
| **ञ** | सॉल्वेंट पम्प |
| **ट** | आइसोट्रोप |
| **ठ** | एमएस प्लैटफार्म |
| **ड** | अपशिष्ट उतारने की प्रणालियाँ |
| **ढ** | फ्रूट मिल |
| **ण** | एचडीपीई क्रेट |
| **त** | फ्लेम प्रूफ वेसल लैम्प |
| **थ** | वैक्यूम प्रणाली |
| द | एयर वेंट प्रणाली |

## ***III. मिर्च प्रसंस्करण और वाष्प विसंक्रमण इकाई***

मेसर्स एस टी सी एल, मेसर्स एस टी सी, भारत सरकार की एक सहायक कंपनी, ने एक मिर्च प्रसंस्करण सुविधा और एक विसंक्रमण इकाई की स्थापना की थी। यह इकाई स्पाइसेस पार्क से सटकर 10 एकड़ क्षेत्र में स्थापित की गई है। प्रसंस्करण सुविधाओं के विवरण निम्नलिखित हैं :

| **सं.** | **विवरण** |
|---|---|
| **1** | **मिर्च प्रसंस्करण इकाई** |
| क. | पूर्व-सफाई सुविधा: घूमने वाला छिद्रित ड्रम, कचरा संग्रहण ट्रे, 3 एचपी सक्शन ब्लोअर, नायलॉन ब्रश, साइक्लोन टैंक, 1000 लीटर फीड हूपर, पाइप स्टैंड, फ़ीड पाइप और हैमर मिल कनेक्टर इत्यादि |
| ख. | पिसाई की सुविधाः लाइनर युक्त हैमर मिल, कार्बाइड टिप सहित बीटर, ब्लोअर, साइक्लोन धूल संग्राहक, चलनी, रोटरी एयर लॉक वाल्व, एमएस बेसमेंट, एसएस में संपर्क भाग और एमएस में शेष।<br>पिसाई से पहलेः हैमर मिल को चलाने के लिए 25एचपी मोटर और ब्लोअर को चलाने के लिए 5 एचपी मोटर।<br>बारीक पिसाई के लिएः हैमर मिल को चलाने के लिए 25एचपी मोटर 50 25एचपी मोटर और ब्लोअर को चलाने के लिए 7.5 एचपी मोटर का प्रयोग किया जाता है। |
| ग. | धूल संग्रह प्रणाली और धूलरहित पर्यावरण |
| घ. | पैकिंग की सुविधा:वीएफएफएस कॉलर प्रकार की पैकिंग मशीनें कॉलर प्रकार पैकिंग मशीन न्यूमेटिकली संचालित प्रकार, कॉलर प्रकार की थैली बनाना, ऊर्ध्वाधर और क्षैतिज सीलिंग, बैच और तारीख कोड की व्यवस्था , सेर्वोमोटर ,हिटिंग कॉइल- 1500 वॉट |
| ङ | वाष्प विसंक्रमण प्रणाली |
| च | प्रकार: बैच प्रसंस्करण |
| छ | क्षमता 500 किलो प्रति घंटे या 5 टन प्रति पारी |
| ज | उपभोक्ता और थोक पैक दोनों में विसंक्रमित उत्पादों की पिसाई और पैकिंग सुविधा |

**अनुलग्नक-2**

**स्पाइसेस पार्क, छिंदवाड़ा की सुविधाओं के संचालन के लिए ईओआई प्रस्तुत करने के लिए आवेदन**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कंपनी का नाम | |
| 2 | क्या स्पाइसेस बोर्ड के साथ पंजीकृत है? यदि है, तो पंजीकरण संख्या। | |
| 3 | डाक पता, पिन नंबर, ई-मेल, फ़ैक्स तथा मोबाइल सहित फोन नंबर के साथ संपर्क व्यक्ति का नाम | |
| 4 | आवेदक का पैन(PAN) | |
| 5 | टिन(TIN) सहित वैट पंजीकरण के विवरण | |
| 6 | व्यापार के निरंतर वर्ष और व्यापार के प्रकार | |
| 7 | वर्तमान व्यापार की वार्षिक कुल बिक्री | |
| 8 | व्यापार कर रहे जिंस का प्रकार | |
| 9 | वर्तमान में संभाले जानेवाले व्यापारों की संख्या और उनके विवरण | |
| 10 | मसाला प्रसंस्करण इकाइयों की अभियांत्रिकी और संचालन अनुभव | |
| 11 | मसाला प्रसंस्करण इकाइयों को चलाने में पिछले अनुभवों का विवरण | |
| 12 | मसाला इकाइयों के परिशोधन/प्लांट सुधार करने व मशीनरी में अनुभव | |

(आवेदक का हस्ताक्षर)

स्थान:

दिनांक :

कंपनी की मोहर